आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

25.08.2024 09:00 ए.एम.

- केन्द्र ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना को दी मंजूरी। कर्मचारियों को पचास प्रतिशत पेंशन की गारंटी–डीए और फेमिली पेंशन का भी प्रावधान।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय के हीरक जयंती समापन समारोह में लेंगे भाग।
- प्रधानमंत्री आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार करेंगे साझा।
- मानसून की सकियता से प्रदेश के कई क्षेत्रों में हुई बारिश–कई जगह भारी बारिश से विभिन्न इलाके जलमग्न।

000000

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना को मंजूरी दे दी है। इसमें पेंशन की गारंटी दी गई है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कल नई दिल्ली में बताया कि इस योजना में, न्यूनतम 25 साल की सेवा पूरी करने वाले कर्मियों को आखि़री के 12 महीनों के मूल वेतन के औसत की पचास प्रतिशत राशि बतौर पेंशन दी जाएगी। इसके अलावा, कर्मचारी की मृत्यु के बाद परिवार पेंशन साठ प्रतिशत की गई है। न्यूनतम 10 वर्ष की नौकरी के बाद सेवानिवृत्त होने पर कम से कम दस हज़ार रूपए पेंशन की गारंटी होगी। सुनिश्चित पेंशन, परिवार पेंशन और न्यूनतम पेंशन पर महंगाई भत्ता भी देय होगा जो औद्योगिक कर्मियों पर लागू अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित होगा। सेवानिवृत्ति पर ग्रैच्युटी के अलावा एकमुश्त राशि का भुगतान भी किया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना से लगभग 23 लाख सरकारी कर्मियों को लाभ होगा। यह योजना अगले वर्ष एक अप्रैल से लागू होगी।

-----

केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में तीन प्रमुख योजनाओं को जारी रखने की मंजूरी भी दी गई जिन्हें विज्ञान धारा योजना में मिला दिया गया है। इसके लिए 10 हजार पांच सौ 79 करोड रूपये का प्रावधान किया गया है। सरकारी कर्मचारियों ने एकीकृत पेंशन योजना को मंजूरी देने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय का स्वागत किया है। कर्मचारियों ने इस मुद्दे पर मुलाक़ात का अवसर देने के लिए भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है। सरकारी कर्मी संगठन के संयुक्त सचिव शिव गोपाल मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री ने उन्हें मुलाक़ात के लिए आमंत्रित किया था।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय के हीरक जयंती समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। प्रधानमंत्री, उच्च न्यायालय संग्रहालय का उद्‌घाटन भी करेंगे। समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े विशिष्ट अतिथि होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सहित सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश इस दौरान मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री आज सवेरे इंटर सिटी ट्रेन से जोधपुर के लिए रवाना हुए। समारोह में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और राज्य मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष जस्टिस जीआर मूलचंदानी भी शिरकत करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कल सुरक्षा एजेंसियां ने रिहर्सल भी किया।

-----

00000

भारत–पाक बार्डर देखने वाले सैलानियों को सुविधा देते हुए सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ ने ऑनलाइन आवेदन की सुविधा शुरू की है। इससे अब सैलानियों को बार्डर देखने के लिए कतारों में नहीं लगना पड़ेगा। बीएसएफ ने वेबसाइट लांच कर बार्डर पर्यटन को बढ़ावा देने की अनूठी पहल की है। हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि सैलानी अब ऑनलाइन आवेदन कर ई पास जारी करवा सकते हैं।

-----

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 13वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज लखपति दीदीयों के सम्मान मे आयोजित समारोह में उन्हें प्रमाण पत्र सौंपेंगे। प्रधानमंत्री लखपति दीदीयों के साथ संवाद भी करेंगे। महाराष्ट्र के जलगांव में आयोजित समारोह से देशभर के 34 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से लगभग 30 हजार स्थानों के जिला मुख्यालय, सीएलएफ वर्चुअल माध्यम से जुडेंगे। समारोह में श्री मोदी ढाई हजार करोड़ रुपये का रिवॉल्विंग फंड भी जारी करेंगे। इससे 4 लाख 30 हजार स्वयं सहायता समूहों के लगभग 48 लाख सदस्यों को लाभ मिलेगा। इनमें राजस्थान के 67 हजार 620 स्वंय सहायता समूह भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री पांच हजार करोड़ रुपये के बैंक ऋण भी जारी करेंगे, जिससे 2 लाख 35 हजार 400 स्वयं सहायता समूह के 25 लाख 80 हजार सदस्य लाभान्वित होंगे। लखपति दीदी योजना की शुरूआत से अब तक एक करोड महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जा चुका है। सरकार ने तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है।

00000

प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। कहीं–कहीं भारी वर्षा भी हो रही है। राजधानी जयपुर में देर रात मूसलाधार बरसात हुई। इससे जगह–जगह पानी भर गया। अजमेर में हुई बारिश से आनासागर चोपाटी के पास पानी भर गया। बालोतरा जिले में भी मूसलाधार वर्षा दर्ज की गई। पाली में सुबह से तेज बारिश का दौर जारी है। गजनई बांध के ओवर फ्लो होने के बाद सुकडी नदी में पानी का बहाव तेज हो गया है। प्रशासन ने लोगों को बहाव क्षेत्र से दूर रहने की चेतावनी दी है। बाडमेर में भी कई जगह तेज बारिश हुई। झालावाड में सुबह से बरसात का दौर चल रहा है। भीलवाडा जिले में रात को कइ क्षेत्रों में तेज बारिश हुई। सवाईमाधोपुर में रातभर रूक–रूक कर बरसात होती रही। करौली जिला मुख्यालय पर देर रात हुई बारिश के बाद ज्यादा पानी की आवक के चलते पांचना बांध के दो गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है।

-----

मौसम विभाग ने आज अजमेर, पाली, जोधपुर, टोंक, बूंदी, कोटा, बारां, झालावाड़, राजसमंद, भीलवाडा, बांसवाडा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ उदयपुर और चित्तौडगढ में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम और कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना जताई है। इन क्षेत्रों में मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं जयपुर, दौसा अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, चूरू, सीकर, झुंझुनूं नागौर, सिरोही, और जालोर में यलो अलर्ट जारी करते हुए यहां हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

00000

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की ओर से आमजन की खेलों में भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कल से 31 अगस्त तक खेलों का आयोजन कराया जायेगा। इनमें वॉक रेस, वॉलीबाल, हॉकी, फुटबाल, टेनिस बॉल क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, बास्केटबाल, टेबल टेनिस, टग ऑफ वॉर, रोप जंपिग और खो–खो खेलो के मुकाबले होंगे।

00000